Media Release

स्वावलंबन प्रोजेक्ट के तहत 750 दिव्यांग लोगों के कौशल विकास के लिए ईडीआईआई ने एसबीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी की

अहमदाबाद, **23** मई, **2023-** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन (एसबीआईएफ) के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी एसबीआई के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) प्रोजेक्ट 'स्वावलंबन' के तहत **750** दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए की गई है। ईडीआईआई गुजरात के आणंद, खेड़ा, गांधीनगर, अहमदाबाद और अरवल्ली जिलों में इस प्रोजेक्ट को लागू करेगा।

इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग उद्यमियों की मदद करना है, ताकि वे अपनी बाजार पहुंच का विस्तार कर सकें और इस तरह अपनी आमदनी में वृद्धि सुनिश्चित कर सकें।

प्रोजेक्ट के तहत, ईडीआईआई **750** दिव्यांग लोगों को उद्यम प्रोत्साहन प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसमें **500** निजी उद्यमी और **250** मेंबर बेस्ड ऑर्गनाइजेशन (एमबीओ) के उद्यमी शामिल हैं। सहकारी या स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के रूप में **250** दिव्यांग उद्यमियों के लिए दस एमबीओ बनाए जाएंगे। इन एमबीओ को नेटवर्क निर्माण, बाजार पहुंच बढ़ाने और वित्त संबंधी जरूरतों के लिए सलाह और समर्थन प्रदान किया जाएगा।

प्रोजेक्ट के एक हिस्से के रूप में रिसर्च भी आयोजित की जाएगी, ताकि दिव्यांग लोगों के सशक्तिकरण की ओर सरकार, स्टार्ट-अप, औद्योगिक संघों और सीएसआर निकायों का ध्यान आकर्षित किया जा सके।

श्री शशि भूषण, वाइस प्रेसिडेंट - सीओई फॉर पीडब्ल्यूडी, एसबीआई फाउंडेशन (एसबीआईएफ) ने कहा, "हमारी निरंतर कोशिश रही है कि एसबीआई फाउंडेशन समुदायों के साथ अपना जुड़ाव कायम रखे। इसी दिशा में हमने दिव्यांग लोगों को मजबूत बनाने पर फोकस किया है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। हम देश भर में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और इस दिशा में अनेक गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं, जैसे कि; जागरूकता अभियान, कौशल विकास, स्वरोजगार के लिए क्षमता निर्माण, उत्पाद विकास, कारोबार के लिए फाइनेंस सुविधाएं जुटाना इत्यादि। ईडीआईआई के साथ सहयोग करके, हम उन लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से हासिल करना चाहते हैं।' '

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने साझेदारी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, "सेंटर फॉर एम्पावरमेंट ऑफ डिफरेंटली एबल्ड (सीईडीए) के माध्यम से, ईडीआईआई दिव्यांगों के बीच उद्यमशीलता, रोजगार और आजीविका गतिविधियों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दे रहा है। समाज के हर वर्ग का विकास हो और लोगों को समान अवसर मिलें, यह हमेशा ईडीआईआई के लिए एक प्रमुख

फोकस रहा है और इस सहयोग के साथ, हमारा लक्ष्य दिव्यांग उद्यमियों को सशक्त बनाना और उन्हें समाज के लिए रोल मॉडल में बदलना है।' '

समाज के हर वर्ग के समान विकास के लिए इनोवेटिव प्रोजेक्ट को लागू करने के लिहाज से ईडीआईआई सरकारों और कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी करता है। अब तक, संस्थान ने **23** से अधिक राज्यों और **138** जिलों में काम किया है और विभिन्न परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से **68,950** लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर छोड़ा है।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. For more information visit: www.ediindia.org

For more information, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987